दिन– मंगलवार

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

दिनांक– 01 / 09 / 2026

प्रसारणः– शाम 07.30 बजे से।

अवधि – 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जीडीपी में वृद्धि को देशवासियों की मेहनत और सामूहिक संकल्प का परिणाम बताया।

02 मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने पूर्वी चंपारण जिले में दो सौ चौरासी करोड़ रुपये से अधिक की विकास योजनाओं का शिलान्यास और उद्‌घाटन किया।

03. स्नातकोत्तर शिक्षा के लिए एक समान पाठ्यक्रम तैयार करने के लिए लोक भवन में आज से छह दिवसीय शैक्षणिक कार्यक्रम की शुरुआत।

04. और, मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटों के दौरान औरंगाबाद, गया, कैमूर और रोहतास में अत्यधिक भारी बारिश की चेतावनी जारी की।

**अब समाचार विस्तार से.........**

———————————————————————

वित्तीय वर्ष दो हजार छब्बीस–सत्ताईस की पहली तिमाही में भारत की सकल घरेलू उत्पाद–जी डी पी वृद्धि दर सात दशमलव आठ प्रतिशत रही। यह भारतीय रिजर्व बैंक के अनुमान से अधिक है। पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि में जी.डी.पी. वृद्धि दर छह दशमलव नौ प्रतिशत थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि को देशवासियों की मेहनत और सामूहिक संकल्प का परिणाम बताया है।

——साउंड बाइट——

देशवासियों को मैं बधाई देता हूं, उनके संकल्प शक्ति के लिए, उनके पुरूषार्थ के लिए, एक सामूहिक शक्ति का प्रतिबिंब है। दुनिया युद्ध में डुबी हुई है। चारों तरफ युद्ध की खबरें आ रही हैं। विश्व संकटों से घिरा हुआ है। सप्लाई चेन बुरी तरह से डिस्टर्ब है। 2020 में कोविड काल से लेकर अब तक कहीं पर भी स्थिरता नजर नहीं आ रही। उसके बावजूद भी भारत तेज गति से प्रगति कर रहा है।

———————————————————————

राष्ट्रीय लोक मोर्चा के अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद उपेन्द्र कुशवाहा ने रोहतास में संवाददाताओं से बातचीत में इस सफलता का श्रेय देश के युवाओं, उद्यमियों और छोटे उद्योग चलाने वालों की सामूहिक मेहनत को दिया है।

——साउंड बाइट——

भाजपा के वरिष्ठ नेता और सांसद रविशंकर प्रसाद ने कहा कि वैश्विक संकटों के बीच भारत की जीडीपी में सात दशमलव आठ प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गयी है। उन्होंने कहा कि यह बढ़ोतरी विपक्ष के उस आरोप का खंडन करती है, जिसमें भारतीय अर्थव्यवस्था को एक मृत अर्थव्यवस्था बताया गया था।

———————————————————————

केंद्र सरकार ने राज्य में राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय–एनएसडी के नये कैंपस के स्थापना की स्वीकृति दी है। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने पूर्वी चंपारण जिले के मोतिहारी स्थित गांधी मैदान में बापूधाम महोत्सव का शुभारंभ करते हुए यह बात कही। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत के प्रति आभार व्यक्त किया।

——साउंड बाइट——

मुख्यमंत्री ने कहा कि एनएसडी कैंपस की स्थापना से बिहार के युवा कलाकारों को पेशेवर नाट्य प्रशिक्षण, स्टेजक्राफ्ट, प्रदर्शन कला और उन्नत शोध के बेहतर अवसर मिलेंगे। उन्होंने कहा कि बिहार सरकार एनएसडी कैंपस के लिए उपयुक्त भूमि उपलब्ध कराएगी और भवन निर्माण की स्वीकृत लागत का पचास प्रतिशत राज्यांश वहन करेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह संस्थान बिहार की समृद्ध लोक नाट्य परंपराओं और आधुनिक रंगमंच के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

———————————————————————

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने आज पूर्वी चंपारण जिले में दो सौ चौरासी करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली विभिन्न विकास योजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने इस वित्तीय वर्ष में जिले में मेडिकल कॉलेज के शिलान्यास का आश्वासन भी दिया।

——साउंड बाइट——

श्री चौधरी ने चकिया, वैशाहा, कोटवा, तुरकौलिया समेत कई पंचायतों में पंचायत सरकार भवनों का उद्घाटन किया।

———————————————————————

बिहार लोक भवन में आज से विश्वविद्यालयों में स्नातकोत्तर शिक्षा के लिए एक समान पाठ्यक्रम तैयार करने को लेकर छह दिवसीय शैक्षणिक कार्यक्रम की शुरुआत की गई। इस दौरान राज्य के विश्वविद्यालयों में संचालित सभी छियालीस स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों को तैयार किया जाएगा। एक रिपोर्ट....

——रिपोर्ट——

राज्यपाल के अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार सिंह ने बताया कि इस कार्य के लिए बिहार के विभिन्न विश्वविद्यालयों से डेढ़ सौ से अधिक विषय विशेषज्ञों और शिक्षकों को आमंत्रित किया गया है। नए पाठ्यक्रम राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 और विश्वविद्यालय अनुदान आयोग यानी यूजीसी के दिशा–निर्देशों के अनुरूप तैयार किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि प्रत्येक सेमेस्टर में बाईस क्रेडिट की एक समान व्यवस्था होगी। विद्यार्थियों को अपनी रुचि और भविष्य की आवश्यकताओं के अनुरूप विषय चुनने के अधिक विकल्प भी मिलेंगे। नए पाठ्यक्रम में विषयगत ज्ञान के साथ कौशल विकास और शोध कार्य पर विशेष जोर दिया जाएगा। छह दिवसीय कार्यक्रम के बाद तैयार पाठ्यक्रमों की देश के प्रमुख विश्वविद्यालयों के वरिष्ठ विषय विशेषज्ञों से समीक्षा कराई जाएगी। उनके सुझावों को शामिल करने और आवश्यक स्वीकृति प्रक्रिया पूरी होने के बाद इन पाठ्यक्रमों को अधिसूचित कर बिहार के विश्वविद्यालयों में लागू किया जाएगा। समाचार कक्ष से निधि श्री।

————————————————————————————

विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव ने कहा है कियदि एनडीए के घटक दल आरक्षण के खिलाफ हैं, तो उन्हें आरक्षित सीट छोड़कर सामान्य सीट से चुनाव लड़ना चाहिए। उन्होंने बढ़े हुए आरक्षण को संविधान की नौवीं अनुसूची में शामिल करने की मांग दोहराई।

——साउंड बाइट——

————————————————————————————

निगरानी अन्वेषण ब्यूरो की टीम ने बांका जिले के फुल्लीडूमर के प्रखंड विकास पदाधिकारी अमित प्रताप सिंह को उनके निजी आवास पर पचहत्तर हजार रुपये रिश्वत लेते रंगेहाथ गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार पदाधिकारी ने एक शिकायतकर्ता से पंचायत समिति की योजनाओं के अनुमोदन के लिए रिश्वत की मांग की थी।

————————————————————————————

पूर्व मध्य रेलवे के समस्तीपुर डिवीजन के इक्कीस स्टेशनों पर इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग के लिए दो सौ तैंतीस करोड़ रुपये की मंजूरी दी गयी है। रेल मंत्रालय ने कहा कि यह आधुनिक प्रणाली पूरे डिवीजन में रेलवे सिग्नल के बुनियादी ढांचे को मजबूत करेगी। यह स्वदेशी स्वचालित रेलगाड़ी सुरक्षा प्रणाली कवच के कार्यान्वयन को सुगम बनाएगी।

————————————————————————————

आइआरएसएमई उन्नीस सौ नब्बे बैच के अधिकारी डिम्पी गर्ग ने आज पूर्व मध्य रेल के नए महाप्रबंधक का पदभार ग्रहण किया। इसके पूर्व श्री गर्ग उत्तर रेलवे में प्रधान मुख्य यांत्रिक इंजीनियर के पद पर थे।

————————————————————————

मौसम विभाग ने बताया है कि दक्षिण–पश्चिम मानसून की ट्रफ रेखा राज्य के उत्तरी भागों से गुजर रही है। इसके प्रभाव से प्रदेश के विभिन्न भागों में भारी से अति भारी बारिश दर्ज की गई है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान औरंगाबाद जिले के रफीगंज में सबसे अधिक एक सौ दस दशमलव आठ मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गयी। मौसम विज्ञान केंद्र, पटना ने अगले चौबीस घंटों के दौरान औरंगाबाद, गया, कैमूर और रोहतास जिलें में कई स्थानों पर अत्यधिक भारी बारिश की चेतावनी जारी की है।

——साउंड बाइट——

————————————————————————

भागलपुर में गंगा के बढ़ते जलस्तर और बाढ़ के पानी से कटाव की समस्या गंभीर होती जा रही है। नवगछिया और सबौर प्रखंड में कटाव के कारण कई घर गंगा में समा गए हैं। जिले के कई इलाकों में बाढ़ का पानी प्रवेश करने से लोगों की परेशानी बढ़ गई है। एक रिपोर्ट——

——रिपोर्ट——

जिले के नवगछिया और सबौर प्रखंड में गंगा नदी के कटाव से लगातार नुकसान हो रहा है। नवगछिया प्रखंड का वर्षों पुराना दुर्गा मंदिर भी कटाव के कारण गंगा में समा गया है। नाथनगर प्रखंड के रत्तीपुर बैरिया और अजमेरीपुर सहित शहर से सटे गंगा किनारे स्थित आदमपुर में भी बाढ़ का पानी प्रवेश कर गया है। इसके अलावा तिलकामांझी भागलपुर विश्वविद्यालय यानी टीएमबीयू परिसर की प्रोफेसर कॉलोनी में पानी प्रवेश करने से आवागमन में परेशानी हो रही है। कटाव को रोकने और प्रभावित इलाकों में नुकसान कम करने के लिए जिला प्रशासन की ओर से लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। आकाशवाणी समाचार के लिए भागलपुर से विनोद कुमार।

————————————————————————

उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी ने कहा है कि भागलपुर में कटाव की गंभीरता को देखते हुए वे और विभागीय सचिव नई दिल्ली की बैठक को बीच में छोड़कर पटना लौट रहे हैं। उन्होंने कहा कि कटाव स्थल पर विभाग के वरिष्ठ अधिकारी और अभियंता मौजूद हैं। वर्तमान स्थिति को नियंत्रित करने के लिए जल संसाधन विभाग लगातार पर्यत्नशील है।

———————————————————————————

रोहतास जिले के सासाराम वन प्रमंडल क्षेत्र में लगातार हो रही बारिश को देखते हुए गुप्ताधाम मार्ग को अगले आदेश तक बंद कर दिया गया है। डीएफओ स्टालिन फिडल कुमार ने कहा कि श्रद्धालुओं और पर्यटकों की सुरक्षा को देखते हुए मार्ग पर आवागमन पूरी तरह रोक दिया गया है। वन विभाग ने लोगों से अपील की है कि मार्ग बंद रहने के दौरान गुप्ताधाम की ओर न जाएं और सुरक्षा निर्देशों का पालन करें।

———————————————————————————

नेपाल में विनाशकारी बाढ़ की त्रासदी जारी है। इस आपदा में मरने वालों की संख्या बढ़कर नौ सौ सत्तासी हो गई है। अधिकारियों के अनुसार, सुरक्षा बलों ने देश के आठ जिलों से और शव बरामद किए हैं। रुक–रुककर हो रही बारिश और नदियों में बढ़ते जलस्तर के कारण नए सिरे से बाढ़ की चेतावनी जारी की गई है। ऐसे में बचावकर्मियों को बाढ़ में फंसे लोगों का पता लगाने में कठिनाई हो रही है।

———————————————————————————

कटिहार ज़िले में कार्यरत इक्कीस शिक्षकों पर डिजिटल हाजिरी में कथित फर्जीवाड़े का मामला सामने आया है। आरोप है कि कोलकाता, धनबाद और पटना जैसे शहरों में रहते हुए भी शिक्षक कटिहार के स्कूलों में हाजिरी दर्ज करा रहे थे। जिला शिक्षा पदाधिकारी राहुल चन्द्र चौधरी ने सभी से स्पष्टीकरण मांगा है।

———————————————————————————

मधुबनी जिले में उत्पाद विभाग की टीम ने नगर थाना क्षेत्र और बेनीपट्टी थाना क्षेत्र में छापेमारी कर सात शराब तस्करों को गिरफ्तार किया है। मौके से तीन सौ साठ लीटर नेपाली शराब और तस्करी में इस्तेमाल किए जा रहे चार वाहनों को जब्त किया गया है।

———————————————————————————

शेखपुरा जिले के सिरारी थाना पुलिस ने किऊल–गया रेलखंड पर सिरारी रेलवे स्टेशन के पास अंतरजिला शराब गिरोह के दो तस्करों को भारी मात्रा में शराब के साथ गिरफ्तार किया है।

———————————————————————————

भारत–नेपाल सीमा पर अररिया जिले के घूरना थाना क्षेत्र से एसएसबी की टीम ने पचपन किलो गांजा बरामद किया है।

————————————————————————

बक्सर जिले की पॉक्सो अदालत ने सिमरी थाना क्षेत्र में एक बच्ची से दुष्कर्म के मामले में उम्रकैद की सजा सुनाई है। साथ ही अदालत ने दस हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है।

————————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर...........

01. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जीडीपी में वृद्धि को देशवासियों की मेहनत और सामूहिक संकल्प का परिणाम बताया।

02 मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने पूर्वी चंपारण जिले में दो सौ चौरासी करोड़ रुपये से अधिक की विकास योजनाओं का शिलान्यास और उद्‌घाटन किया।

03. स्नातकोत्तर शिक्षा के लिए एक समान पाठ्यक्रम तैयार करने के लिए लोक भवन में आज से छह दिवसीय शैक्षणिक कार्यक्रम की शुरुआत।

04. और, मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटों के दौरान औरंगाबाद, गया, कैमूर और रोहतास में अत्यधिक भारी बारिश की चेतावनी जारी की।

————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।